हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 15 नवंबर 2025

06 स्वास्थ्य सेवाओं का मरीजों से लिया फीडबैक...



07 स्कूलों में रोटी के नीचे थाली तलाश रहा प्रशासन...





**खबर संक्षेप**



### ऑल इंडिया बाघ गणना वर्ष 2025

**सागर।** ऑल इंडिया बाघ गणना वर्ष2025 में प्रशिक्षण वीट आमेट में आयोजित दक्षिण वन मंडल अधिकारी वरुण यादव निर्देश में किया गया। बाध गणना कैसे करे,कब होना है प्रशिक्षण उपवनमण्डल अधिकारी दक्षिण विनीता जाटव ने दिया प्रशिक्षण। वनपरिक्षेत्र सागर एव वन परिक्षेत्र राहतगढ के मैदानी कर्मचारी शामिल हुये। प्रशिक्षण में शामिल कर्मचारियो में मनीष गौड़, विनोद चौबे, दिलीप गौड, राजूशील यादव, राकेश तिवारी, महादेव राय, दीपक मिश्रा, शकील खान, महेन्द्र राय, कमलेश अहिरवार, सुभम चौहान, विजय गौड आदि अनेक कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### आदतन अपराधियों को किया गया जिला बदर

**सागर।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर संदीप जी आर ने आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने के मद्देनजर रखते हुए आदतन अपराधियों को जिला बदर करने का आदेश दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर विभिन्न आपराधिक गतिविधियां में लिप्त बृजेश पिता धनीराम रावत उम्र 42 साल निवासी ग्राम उजनेठी थाना बिनायका को 04-माह, विवेक उर्फ विट्टू ठाकुर पिता नन्हे सिंह उम्र-22 साल निवासी अप्सरा टॉकीज को 07-माह, करन उर्फ छोटू बंसल पिता बाबूलाल बंसल उम्र-25 साल निवासी स्टेशन टपरिया थाना केन्ट को 08-माह, रियाज पिता जमील मकरानी उम्र 35 साल नि. 12/69 सदर बाजार थाना केन्ट सागर जिला सागर को 06-माह, फरहान उर्फ बिहारी पिता साबिर मकरानी उम्र-24 साल नि. 12 मुहाल सदर बाजार थाना केन्ट सागर जिला सागर को 08-माह के लिए सागर जिले व सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से निष्कासित करने का आदेश दिया है। उनके विरूद्ध न्यायालय में प्रकरण चल रहा है तो वह नियत पेशी पर न्यायालय में उपस्थित हो सकेंगे। परन्तु इसके पूर्व अनावेदकों को थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात जिला दण्डाधिकारी के आदेश का पालन सुनिश्चित करना होगा।

### स्वास्थ्य अधिकारी पर लगाया गया जुर्माना


**सागर।** कलेक्टर के आदेशानुसार अपने कार्यों के प्रति लापरवाही और मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाले प्रकरणों का निराकरण समय सीमा के अंदर नहीं करने पर नगर पालिक निगम सागर के पदाभिहित स्वास्थ्य अधिकारी राजेश सिंह राजपूत पर विभिन्न प्रकरणों के अंतर्गत 2000 रुपए के अर्थदंड की कार्यवाही की गई है।

**बिहार चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर खाद्य मंत्री ने दी पार्टी नेतृत्व को बधाई और कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं**

# जनता ने विकास और सुशासन के पक्ष में दिया निर्णायक जनादेशः मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद मध्यप्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने विजयी गठबंधन और उसके नेतृत्व को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता ने जिस परिपक्वता और जागरूकता के साथ मतदान किया है, वह भारतीय लोकतंत्र की मजबूती का प्रमाण है। खाद्य मंत्री राजपूत ने अपने संदेश में कहा कि बिहार के मतदाताओं ने विकास, स्थिरता और सुशासन को प्राथमिकता देते हुए एक बार फिर यह साबित किया है कि जनता सब जानती है और सही समय पर सही निर्णय लेती है। उन्होंने कहा,यह जीत सिर्फ राजनीतिक विजय नहीं बल्कि जनता के अपेक्षाओं व आकांक्षाओं की जीत है। बिहार में जो परिणाम आए हैं, वे यह दर्शाते हैं कि जनता ने उन नीतियों पर भरोसा जताया है जो राज्य को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और समृद्ध बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान जिस प्रकार शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ और रिकॉर्ड संख्या में आम जनता ने लोकतांत्रिक भागीदारी निभाई, वह प्रशंसनीय है। खाद्य मंत्री राजपूत ने नव-निर्वाचित विधायकों से अपेक्षा व्यक्त की कि वे जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए बिहार को नए विकास की दिशा देंगे। उन्होंने कहा, अब समय है कि विजयी दल जनता के सपनों को साकार करने के लिए और अधिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करे, चाहे वह बुनियादी सुविधाएं हों, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार या महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण।



मंत्री राजपूत ने विश्वास जताया कि बिहार में नई सरकार के गठन से प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और केंद्र तथा राज्य के बीच समन्वय से बड़े परिवर्तन देखने को मिलेंगे। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि मध्यप्रदेश और बिहार के बीच विकासात्मक सहयोग और सांस्कृतिक संबंध मजबूत होंगे। उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों के बीच व्यापार, शिक्षा, कृषि और कौशल विकास के क्षेत्र में साझेदारी बढ़ेगी, जिससे दोनों प्रदेशों को लाभ मिलेगा।

मंत्री राजपूत ने एक बार फिर बिहार के मतदाताओं, पार्टी कार्यकर्ताओं और नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह जनादेश लोकतंत्र की जीत है और देश की प्रगति के लिए प्रेरणादायी है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता की जीतः पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह



**सागर।** यह सकारात्मक जनादेश है। लोगों को सेवा, सुशासन और विकास दिखा है। लोगों ने सेवा, सुशासन और विकास को महसूस किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्ष के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में जिस तरह से जनकल्याणकारी और विकासपरक नीतियों का सफल क्रियान्वयन बिहार में हुआ है उसको जनता की स्वीकार्यता मिली है। बिहार चुनाव के परिणामों पर यह प्रतिक्रिया पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने व्यक्त की है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि दो तिहाई से अधिक बहुमत से जिता कर एनडीए की विश्वसनीयता और साख पर सभी जाति-वर्ग के मतदाताओं ने मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व पारस पत्थर की भांति है जो इसे छू लेता है वही सफलता अर्जित कर लेता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चमत्कारी नेतृत्व व गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति में भाजपा तथा एनडीए कार्यकर्ताओं ने परिश्रम के साथ सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचाया। पूर्व गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री डा मोहन यादव को भी शुभकामनाएं जिन्होंने चुनाव अभियान में महत्वपूर्ण योगदान बिहार चुनाव में दिया है।



### भगवान बिरसा मुंडा ने समाज में व्याप्त अनेक बुराइयों के खिलाफ भी अभियान चलायाः कुलपति ठाकुर

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में धरती आवा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का समापन वर्ष जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. केशव टेकम ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि मानव विकास प्रकृति-पोषित होना चाहिए, न कि प्रकृति-शोषित। बिरसा मुंडा जी का आंदोलन ना केवल अग्रेजों के विरुद्ध था बल्कि साधनों के प्रतिकूल विदोहन के प्रति था, यह विद्रोह सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक परंपराओं के अस्तित्व को बनाये रखने का था। सामाजिक समरसता को के प्रचार प्रसार का था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने कहा कि कि भगवान बिरसा मुंडा महान क्रांतिकारी थे। उन्होंने न केवल ब्रिटिश शासन के विरुद्ध संघर्ष किया, बल्कि समाज में व्याप्त अनेक बुराइयों के खिलाफ भी अभियान चलाए। उन्होंने शराबबंदी के पक्ष में व्यापक आंदोलन का नेतृत्व किया। प्रो. ठाकुर ने छात्रों से आह्वान किया कि वे संकल्प लें कि मोबाइल फोन का उपयोग केवल आवश्यक परिस्थितियों में ही करेंगे। उन्होंने जनजातीय मंत्रालय एवं भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया।मुख्य अतिथि देवी अहिल्या बाई विश्वविद्यालय के प्रो. सखाराम मुजाल्दे ने अपने उद्बोधन में कहा कि कि भगवान बिरसा मुंडा ऐसे एकमात्र शहीद हैं जिन्हें भगवान की उपाधि प्राप्त है। जिस आयु में सामान्यतः युवा स्वयं को स्थापित करने का प्रयास करते हैं, उसी आयु (केवल 25 वर्ष) में अपने संघर्ष और नेतृत्व से बिरसा मुंडा ने यह अलौकिक सम्मान प्राप्त कर लिया। मंच से ही उन्होंने कुलगुरु प्रो. वाई.एस. ठाकुर के समक्ष विश्वविद्यालय में जनजातीय अध्ययन केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव भी रखा। विशिष्ट अतिथि प्रो. डी. के. नेमा ने कहा कि हमारा व्यवहार, उद्देश्य और उपलब्धियाँ ही हमारे व्यक्तित्व को निर्माण करती हैं, इसी कारण आज भगवान बिरसा मुंडा को भगवान के रूप में स्मरण किया जाता है। संकाय मामलों के निदेशक प्रो. अजीत जायसवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है, और शिक्षा इस संघर्ष का सबसे सशक्त माध्यम है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस हमें प्रेरणा देता है कि हम प्रकृति का संरक्षण और पोषण करें। उन्होंने विश्वविद्यालय में जनजातीय अध्ययन केंद्र की स्थापना की दिशा में प्रयास प्रारंभ करने की घोषणा की।

## समूह जल प्रदाय योजना स्व सहायता समूहों की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

जल जीवन मिशन अंतर्गत देवरी एवं केसली विकासखंड में संचालित ग्रामीण समूह प्रदाय योजना के प्रति ग्रामीण जनों को जागरूक बनाने के उद्देश्य विकासखंड के ग्राम मुआर ख़ास, ससना, कलमेटा एवं परासई कलां में महिला स्व सहायता समूहों की बैठकों का आयोजन कर उन्हे योजना की जानकारी दी गई। परियोजना समन्वयक गोरी शंकर बाकले ने जानकारी देते हुए बताया किए देवरी केसली ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत स्वयं सहायता समूह की बैठके प्रारंभ कर दी गई है।



उन्होंने बताया किए देवरी केसली समूह जल प्रदाय योजना का उद्देश्य जहाँ प्रत्येक परिवार को घरेलु नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है वही इस मिशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को राहत देने से है उन्होंने आगे बताया कि पानी भरने एवं उसका उपयोग करने का कार्य महिलाए ही अधिकतम करती है जिससे उनका अनावश्यक श्रम एवं समय बर्बाद होता है। इस योजना में महिलाओं को एक प्रमुख हितग्राही मानते हुए ग्राम स्तरीय समितियों एवं अन्य कार्यों में 50 प्रतिशत से अधिक उनकी भागदारी सुनिश्चित की गई है ताकि योजना के निर्माणए क्रियान्वयन एवं देखरेख में उनकी भागीदारी एवं अमूल्य सुझावों को शामिल किया जा सके।परियोजना से मीरा काछी ने बताया कि योजना के अंतर्गत परियोजना के प्रत्येक गाँव में स्वयं सहायता समूह की बैठकें आयोजित की जाएगी जिसमे समूह की महिलाओं को योजना के बारे में जानकारी देते हुए योजना में उनकी भागीदारी एवं एवं भूमिका पर चर्चा की जाएगी। साथ ही योजना के अंतर्गत प्रत्येक गाँव में महिला सखियों का चयन किया जायेगा जोकि गाँव में योजना के प्रचार प्रसार के साथ स्वछता एवं स्वस्थ्य के बारे में लोगों को जागरूक करेगी एवं जल जाँच किट के माध्यम से गाँव के जल स्त्रोतों के पानी की गुणवत्ता की जाँच कर लोगों में शुद्ध पेयजल के महत्व एवं दूषित पेयजल से होने वाले रोगों के बारे में जानकारी देगी एवं योजना के अंतर्गत किये जाने वाले किसी कार्य में महिलाओं को विशेषकर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

### विद्यालय के अंदर शराब पीने पर प्राचार्य व शिक्षक निलंबित

**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने खुरई के गढौलाजागीर स्थित शास उमा विद्यालय के अंदर शराब पीने वाले प्राचार्य आर.पी. नामदेव एवं पी.टी.आई. शिक्षक संदीप सिंह ठाकुर पर सख्त कार्यवाही करते हुए निलंबित कर दिया।कमिश्नर कार्यालय से जारी निलंबन आदेश के अनुसार कलेक्टर संदीप जी आर द्वारा अवगत कराया गया कि गढौलाजागीर विकास खण्ड खुरई जिला सागर में प्राचार्य आर.पी. नामदेव एवं पी.टी.आई. संदीप सिंह ठाकुर द्वारा विद्यालय में शराब का सेवन करते हुए फोटो दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुई। कलेक्टर जिला सागर से प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन एवं परिशीलन उपरांत प्राचार्य आर.पी. नामदेव एवं पी.टी.आई. शिक्षक संदीप सिंह ठाकुर को संभाग कमिश्नर ने निलंबित कर दिया।



### जिला कांग्रेस ने मनाई पंडित नेहरू जी की जयंती

**सागर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की 136वीं जन्म जयंती पर जिला कांग्रेस शहर ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जन्म जयंती का आयोजन किया। जन्म जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने पुष्पांजलि अर्पित की व जयंती का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा देश की आजादी के बाद जिस तरीके से भारत खंड-खंड में मिला उसको सजाने और संभालने का काम पंडित नेहरू ने किया। पंडित नेहरू ने बच्चों के भविष्य के विषय में हमेशा चिंतित रहकर उनकी भविष्य की नींव को मजबूत करने के लिए हमेशा काम किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में इसीलिए मनाया जाता है और इतिहास में पंडित नेहरू ने भारत में जो काम किया वह आज भी देश के कोने कोने में दिखाई पड़ता है। हम सभी को साथ रहकर कांग्रेस की नीति के अनुसार पंडित जवाहरलाल नेहरू के बताएं रास्ते पर चलकर आम जनता में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना होगी। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर दिनेश पटेरिया आभार वीरेंद्र राजे माना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल चौबे कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष सिन्टू कटारे, रमाकांत यादव, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सागर साहू, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष चक्रेश रोहित, धर्मेंद्र चौधरी, तज्जु भाईजान, दीनदयाल तिवारी, महेश अहिरवार, अमन लोधी, वीरू चौधरी, कुंजीलाल लाडिया, लल्ला यादव, संजय रैकवा,र सुनील पावा, जयदीप तिवारी, रजिया खान, अनिल दक्ष, प्रशांत सोनी, नीलेश आदि उपस्थित थे।





### महापौर संगीता तिवारी ने बाल दिवस के अवसर पर आयोजित मेला का उद्घाटन किया

**सागर।** 14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर टैगोर विद्या निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल मेला का आयोजन किया गया । बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी ने बाल मेला का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील तिवारी युवा भाजपा नेता एवं समाजसेवी रिशांक तिवारी थे । कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के संचालक सुरेन्द्र दुबे के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने अपने उदबोधन में गुरु और शिष्य के कर्तव्यों और निष्ठा के बारे में अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम में डॉ सुशील तिवारी एवं युवा नेता रिशांक तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए । स्वागत भाषण सुरेन्द्र दुबे ने एवं स्कूल प्राचार्य शैलू सिंह ने आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उमा दुबे, दीपेंद्र दुबे, के.के. मिश्रा, संतोष शर्मा, शंकर क्षीरसागर, दीपिका कुल्हारा एवं स्कूल का समस्त स्टाफ छात्र- छात्राएं और अभिभावक गण उपस्थित रहे।

### खतौला जलाशय परियोजनाओं के प्रभावित भू-धारकों को मुआवजा का किया जा रहा है भुगतान

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर खतौला जलाशय परियोजना के प्रभावितों को उनके सभी अनुदान/मुआवजा राशि प्रदान करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में खतौला जलाशय परियोजना अंतर्गत देवरी तहसील के ग्राम सेदवारा, बम्हौरी के कुल 10 भू-धारकों के बैंक खातों में 1 करोड़, 97 लाख 24 हजार 820 रुपए की मुआवजा राशि हस्तांतरित की जा रही है।





### डीपीएस में बाल मेला का आयोजन संपन्न

**सागर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर के कैम्पस में बाल दिवस के सुअवसर पर बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले का उद्घाटन प्रातः करीब 10:30 बजे मुख्यातिथि इंजी. रितुल सराफ निदेशक डीपीएस मकरोनिया, विशिष्ट अतिथि इंजी. अर्चित जैन निदेशक ज्ञान सागर इंजीनियरिंग कॉलेज, दर्शिनी जैन निदेशक जीएसपीएस सागर के करकमलों से फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में इंजी. राहुल सराफ निदेशक दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने माँ सरस्वती के पूजन अर्चन व दीप प्रज्ज्वलन कर औपचारिकताओं को पूरा किया। प्राचार्य डॉ. रविकांत बाजपेयजुला ने पौधा भेंटकर आगंतुकों का स्वागत किया तत्पश्चात सभी आगंतुकों के लिए बाल मेले खोला गया। कहते हैं, कि बालकों के अंदर प्रतिभा कूट-कूट कर भरी होती है। डीपीएस सागर के बाल मेले में यह नजर भी आया। बाल मेले में कक्षा तीसरी से बारहवी तक के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कुशलतानुसार अलग-अलग प्रकार की दुकानें सजाई गईं थीं। कहीं पिज़्ज़ा, कहीं चाउमीन, कहीं बर्गर, कहीं भेल चाट, गोल गप्पे की चटपटी दुकानें, तो कहीं बच्चों द्वारा इजात किए गए दिमाग लड़ाने वाले खेलों के स्टॉल लगाए गए थे। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह थी, कि प्रत्येक स्टॉल को बच्चे स्वयं संचालित कर रहे थे। पकवान तैयार करने से लेकर परोसने, हिसाब-किताब लगाकर कूपन संग्रह करने तक का सारा काम बच्चों द्वारा ही किया जा रहा था। प्रत्येक स्टॉल के साथ एक-एक संरक्षक शिक्षक-शिक्षिका तैनात थे, जो विद्यार्थियों का मार्ग - दर्शन कर रहे थे। बाल-मेले के अंतर्गत ही विद्यालय के स्वीमिंग पूल एरिया भी फायरलेस कुकिंग कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया था। जिसमें विद्यालय के ही विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षकों के मार्ग दर्शन में विभिन्न डिश तैयार की जा रहीं थीं।मेलें को और रोचक बनाने के लिए बतौर मनोरंजन के लिए शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा सदाबहार नग्मों से सुसज्जित गीत - संगीत की महफिल सजाई गई थी।



### एसपी मेमोरियल कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

**गढाकोटा।** एसपी मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस मनाया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाल दिवस के अवसर पर खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें दौड़, ऊँची कूद, लंबी कूद, रंगोली मेहदी, कुर्सी दौड़, हिंदी राइटिंग, इंग्लिश राइटिंग, गायन प्रतियोगिता, गोला फेक, तवा फेक इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यह आयोजन तीन दिवसीय था शनिवार के दिन समापन किया जायेगा। साथ ही इस अवसर पर नगर के पत्रकारों का भी सम्मान विद्यालय के प्राचार्य कमलेश पटेल द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्कूली स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

**योजना में 15 सौ कृषकों का पंजीयन, 177 ने बेचा 35 सौ क्विंटल सोयाबीन**

## 66 कृषकों को मिला 15 लाख से अधिक का भावांतर भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

शासन द्वारा कृषकों को उनकी श्रम अर्जित कृषि उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए आरंभ की गई भावांतर योजना में अब तक देवरी कृषि उपज मंडी के 66 सोयाबीन उत्पादक कृषकों को 15 लाख से अधिक का भावांतर लाभ उनके खातों में पहुँचाया गया है। योजना अंतर्गत देवरी विकासखंड के 15 सौ सोयाबीन उत्पादक कृषकों द्वारा पंजीयन कराया गया है। जिसमें से 177 कृषकों द्वारा देवरी मंडी एवं गौरझामर उपमंडी में अपनी लगभग 35 क्विंटल सोयाबीन उपज का योजना अंतर्गत अनुबंध विक्रय किया गया है।

देवरी कृषि उपज मंडी के प्रभारी सचिव रामचरण ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार की भावांतर योजना अंतर्गत विगत 24 अक्टूबर से व्यापारियों द्वारा देवरी मंडी परिसर एवं गौरझामर में सोयाबीन विक्रय के अनुबंध कराये जा रहे है।



अब तक योजना अंतर्गत देवरी मंडी में 136 कृषकों द्वारा लगभग 2856 क्विंटल एवं गौरझामर उप मंडी में 41 कृषकों द्वारा लगभग 726 क्विंटल सोयाबीप विक्रय किया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव द्वारा प्रथम चरण में योजना के पंजीकृत 66 कृषकों के खातों में भावांतर राशि 15 लाख 51 हजार 936 रूपये का भुगतान किया गया है।

### क्या है योजना में प्रावधान

प्रभारी सचिव रामचरण ठाकुर ने बताया कि प्रदेश सरकार की भांवातर योजना में पंजीकृत कृषकों को एमएसपी और माडल मूल्य के भावों के अंतर का भुगतान लाभ प्रदेश सरकार द्वारा किये जाने की योजना है। जिसकी अधिकतम सीमा 1300 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। उन्होने बताया कि इस वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा सोयाबीन का मॉडल रेट 4077 रूपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। एवं सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। पंजीकृत कृषकों द्वारा व्यापारियों का विक्रय किये गये सोयाबीन पर भावांतर लाभ प्रदाय किया जाता है।

खबर संक्षेप



## शिकायतकर्ता कार्रवाई से संतुष्ट नहीं

**ललितपुर।** कस्बा बार में क्षेत्र पंचायत की जमीन पर बनायी गयी 20 दुकानों को अवैध करार देते हुये क्षेत्र की जनता द्वारा मण्डल आयुक्त से कार्यवाही की मांग की गयी थी। प्रकरण की जांच मुख्य विकास अधिकारी ने दलबल सहित मौके पर जाकर की थी। बताया जा रहा है कि सीडीओ की रिपोर्ट उपरान्त बिना लेण्टर की 9 दुकानों को ध्वस्त करने और 11 दुकानों को श्रमदान घोषित करने का फैसला लिया था। लेकिन मौके पर सकारात्मक कार्यवाही न होने के चलते क्षेत्र के युवा फिर से मण्डल आयुक्त की शरण में पहुंचे गए। बीते दिन स्थानीय युवाओं ने मण्डलायुक्त को झांसी पहुंच कर पत्र दिया। जिसमें मण्डल आयुक्त को बताया कि उक्त अवैध पायी गयी दुकानों को लेकर जिलाधिकारी ने आदेश दिया था, जिसको लेकर वहां की जनता द्वारा सभी दुकानों को ध्वस्त करने की मांग उठायी जा रही है। मण्डल आयुक्त को भेजे पत्र में यह भी बताया गया कि अधिकारियों द्वारा बीती 30 अक्टूबर को की गयी शिकायत के आधार पर की गयी कार्यवाही उचित नहीं है। उन्होंने पूरे मामले की गहनता से जांच कर आमजन की मांग पर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। पत्र देते समय पुष्पेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार, रामजीवन प्रजापति, अमन गुप्ता, विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

## ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाला

**ललितपुर।** मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम मैलवाराखुर्द निवासी गजरा पत्नी कप्तान ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 11 नवम्बर को अपराह्न 12 बजे वह घर में थी। तभी उसका पति कप्तान, देवर अखण्ड, सास मुन्नीबाई व ससुर रामप्रसाद एकराय होकर आये और गालियां देने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि ससुरालियों ने उसे उसके पुत्र के साथ घर से निकाल दिया, जिससे वह काफी परेशान है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों पर मामला दर्ज किया।

## पिता-पुत्र पर जेवरात व नकदी चोरी का आरोप

**ललितपुर।** गांव के दबंग लोगों ने घर में घुसकर पहले सोना-चांदी व नकदी की चोरी की, नींद खुलने पर घर का स्वामी चिल्लाया, जिससे परिजनों ने जागकर चोरों को पकडने का प्रयास किया तो चोरों ने कुल्हाड़ी व लाठियों से मारपीट कर दी। आरोप है कि शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। घटना की सूचना थाना जखौरा में दी गयी, जिस पर कार्यवाही तो नहीं लेकिन पीड़ित पक्ष का ही चालान कर दिया गया। ऐसा अजब-गजब वाक्या जब सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के समक्ष पहुंचा तो उन्होंने तत्काल पुलिस अधीक्षक को जांच कर नियमानुसार एफआईआर दर्ज कराने और कार्यवाही कर माल बरामद कराये जाने की बात कही है। विधायक सदर को दिये शिकायती पत्र में ग्राम बुढ़ेरा निवासी प्रकाश पाल पुत्र मुन्नालाल ने बताया कि बीती 3 नवम्बर को वह अपने माता-पिता के साथ घर में सो रहा था। रात करीब 11 बजे उसे खटपट की आवाज आयी, जिस पर वह जाग गया और लाइट जलाने पर पाया कि गांव के रहने वाले पिता-पुत्र उसके घर के बक्से में रखे सोने-चांदी के जेवरात और 20 हजार रुपये की नकदी चोरी कर भाग रहे हैं। चोरों को देखकर जब वह चिल्लाया तो उसके माता-पिता के अलावा गांव के मगन पाल पुत्र चतरा, ध्यान सिंह उर्फ ध्यानी पुत्र मुन्ना पाल मौके पर आ पहुंचे। आरोप है कि लोगों को आता देख चोरों ने अपने साथ लिये कुल्हाड़ी और लाठियों से मारपीट कर दी। गालियां देते हुये शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। वह शिकायत दर्ज कराने थाना जखौरा पहुंचा तो उसकी शिकायत दर्ज नहीं की गयी, बल्कि गांव के रहने वाले पिता-पुत्र के कहने पर पुलिस ने पीड़ित का ही चालान कर दिया।

### डीएम के निरीक्षण से राजकीय मेडिकल कॉलेज में मचा हड़कंप

# स्वास्थ्य सेवाओं का मरीजों से लिया फीडबैक, कक्षों में व्यवस्थाएं देखीं





■ अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर लगेगी रोक, सीसीटीवी कैमरे बढ़ाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के भौतिक सत्यापन और उनकी बेहतरी के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने गुरुवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया, जिससे मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मच गया और सम्बंधित अधिकारी व चिकित्सक मौके पर पहुंच गए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया, साथ ही मरीजों से उनका फीडबैक भी लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालय में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करे, इसके लिए सीसीटीवी कैमरें बढ़ाये जायें और यदि कोई सरकारी सम्पत्ति को क्षति पहुंचाता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर जुर्माना वसूला जाए। मरीजों को बेहतर उपचार के साथ-साथ साफ बेड, शौचालय, जांचे आदि निःशुल्क उपलब्ध करायी जायें, यदि किसी प्रकार के लेनदेन की शिकायतें मिली तो सम्बंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जिन चिकित्सकों की यहां आवश्यकता है उनके लिए शासन से पत्राचार किया जाएगा और जल्द से जल्द चिकित्सकों की तैनाती के प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने आउटसोर्स पर कार्यरत कर्मचारियों से मिलकर एक सप्ताह के भीतर लम्बित वेतन दिलवाये जाने हेतु प्राचार्य को निर्देशित किया।

### जच्चा-बच्चा बार्ड सहित शिफ्टिड एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया

जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही परिसर में प्रसूता रामदेवी निवासी चिरौला से उसका हालचाल पूछा और सीएमएस को निर्देश दिये कि प्रसूता को वार्ड में पहुंचाकर उसे बेहतर उपचार दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने महिला ओपीडी कक्ष, आकस्मिक विभाग व जच्चा-बच्चा बार्ड सहित शिफ्टिड एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। यहां पर मौजूद मरीजों व तीमारदारों से वार्ता कर उन्हें दिये जा रहे उपचार व बेड, जांच, भोजन आदि व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया, जिस पर मरीजों ने बताया कि नियमित रुप से बेड की चादरे बदली जाती हैं और अच्छा इलाज मिल रहा है। जिलाधिकारी ने पर्चा काउंटर व दवा वितरण कक्ष में जाकर पंजिकाओं का अवलोकन किया और सम्बंधित कर्मचारी को मानक के अनुसार मरीजों की हिस्ट्री व दवाओं का अंकन करने के निर्देश दियें मौके पर प्रधानाचार्य द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पूर्व में यह जिला चिकित्सालय था, लेकिन इसे बाद में 500 बेड का उच्चीकृत मेडिकल कॉलेज में परिवर्तित कर दिया गया है।

### मदर केयर यूनिट जीर्णोद्धार का कार्य देखा

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने एसएनसीओ व मदर केयर यूनिट का निरीक्षण किया, जहां जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा था, मौके पर बताया गया कि निर्माण कार्य के चलते मदर केयर यूनिट और एसएनसीयू को जच्चा-बच्चा वार्ड में शिफ्ट किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराकर प्रसूता महिलाओं और बच्चों को शिफ्ट करें। मौके पर जिलाधिकारी ने इमरजेंसी एक्जिट को भी देखा और निर्देश दिये कि चिकित्सालय के ऑपन एरियाज को जाली से कवर कराया जाए, ताकि कोई यहां गंदगी या कचरा न डाल सके। ऑपरेशन थियेटर में सीएमएस ने बताया कि प्रतिदिन 5 से 8 ऑपरेशन किये जाते हैं और मरीजों को चिकित्सालय के भीतर से ही दवाएं व उपकरण उपलब्ध कराये जाते हैं। जरनल वार्ड, महिला, पुरुष व आयुष्मान वार्ड के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पेसेंट हिस्ट्री एवं स्टॉफ पॉजीशन रजिस्टर का अवलोकन किया तथा वार्ड में भर्ती मरीजों को देखा, उनसे वार्ता की तो मरीज जयप्रकाश की माता मुन्नी ने अवगत कराया कि उसके पुत्र का ऑपरेशन होना है परन्तु उसका आयुष्मान कार्ड फिंगर न आने के कारण नहीं बन पा रहा है।

### चिकित्सक से ओपीडी की जानकारी ली, चलिखी गई दवाओं को देखा

*हड्डी एवं जोड़ रोग कक्ष के निरीक्षण के दौरा डॉ एमसी गुप्ता मरीजों को देखते हुए पाये गए, मौके पर मरीजों से उपचार के बारे में पूछा गया और चिकित्सक से ओपीडी की जानकारी ली तथा मौके पर चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाओं को देखा। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने औषधिक भण्डार कक्ष में पहुंचकर स्टॉक चैक किया और चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाओं को मंगाकर उनका सत्यापन किया। बताया गया कि यहां पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं भी स्टॉक में उपलब्ध हैं, जो मरीजों को निःशुल्क दी जाती हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उपलब्ध दवाओं के साथ-साथ एक्सपायरी दवाओं का भी रिकॉड रखा जाए और ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट किया जाए। जिलाधिकारी ने ब्लड बैंक पहुंचकर ब्लड स्टोरेज चैम्बर का निरीक्षण किया और स्टॉक चैक किया, बताया गया कि अभी ब्लड बैंक में 94 यूनिट ब्लड उपलब्ध है, इसके उपरान्त उन्होंने मेडिकल कॉलेज के नये भवन का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्राचार्य राजकीय मेडिकल कॉलेज डॉ मयंक शुक्ला, सीएमएस डॉ गजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डीके राज, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित रहे।*

### बार में एसडीएम की कार्रवाई

## ओवररेट खाद बेचते पकड़ा गया लाइसेंस रद्द करने की संस्तुति




हरिभूमि न्यूज ⏭ बार

शासन व जिलाधिकारी सत्यप्रकाश के निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी अभिजीत सिंह ने बार कस्बे के बानपुर रोड स्थित एक खाद की दुकान पर छापा मारा। उन्हें खाद की ओवर रेटिंग की सूचना मिली थी, जिसके बाद वे ग्राहक बनकर दुकान पर पहुंचे और दुकानदार को निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खाद बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा। यह कार्रवाई किसानों की शिकायत के बाद की गई। कस्बा बार के एक किसान ने एसडीएम अभिजीत सिंह से शिकायत की थी कि क्षेत्र में खाद निर्धारित दर से अधिक दामों पर बेची जा रही है। शिकायत मिलने पर एसडीएम अभिजीत सिंह ने तुरंत कार्रवाई की। वे एक किसान की मोटरसाइकिल पर बैठकर सादे वेश में कस्बा बार स्थित साहू ट्रेडर्स खाद बीज भंडार पहुंचे। दुकान पर उन्होंने ग्राहक बनकर यूरिया खाद मांगी। दुकानदार ने उन्हें निर्धारित मूल्य से लगभग 80 रुपये अधिक में खाद बेचने की कोशिश की। इसी प्रकार, डीएपी खाद भी 150 रुपये से 300 रुपये तक अधिक दामों पर बेची जा रही थी। खाद की कालाबाजारी रंगे हाथ पकड़े जाने पर एसडीएम ने दुकानदार को फटकार लगाई। उन्होंने मौके पर ही कृषि विभाग को दुकानदार का लाइसेंस रद्द करने की संस्तुति भेज दी।

## स्कूटी से पहले कट मारा, फिर धमकाया

**ललितपुर।** मोहल्ला घुसयाना में रहने वाले रंजीत सिंह पुत्र वंशीलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 11 नवम्बर को शाम करीब सवा छह बजे वह अपने बच्चों को कोचिंग से लेने जा रहा था। वह भारत गैस एजेन्सी के पास स्कूटी नं. यू.पी.94 जेड 4926 पर सवार नेहरू महाविद्यालय के सामने शान्तिनगर निवासी राम व रिक्की दुबे ने साइड देकर कट मार दिया, जिससे वह डिवाइडर से टकराने से बाल-बाल बचा। जब उलाहना दिया गया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## जाखलौन पुलिस ने पांच मोबाइल लौटाए




**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जाखलौन के साइबर हेल्प डेस्क पर गिरे/खोये हुए मोबाइल फोन की गुमशुदगी अंकित की गयी थी। जाखलौन पुलिस ने बताया कि खोए मोबाइल फोन्स के मिले कागजातों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये भारत सरकार द्वारा संचालित पोर्टल पर फोन की डिटेल अपलोड कर फोन के आईएमईआई नम्बरों को रन किया गया। जिससे प्राप्त डाटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी से गिरे व खोए फोन्स जिनकी कीमत करीब 70 हजार रुपये बतायी गयी है को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। फोन्स बरामद करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जाखालैन उ.नि.अभिषेक सिंह, क.आ. ग्रेड बी विवेक राज मिश्र, आरक्षी अजयपाल सिंह, आरक्षी संजय अवस्थी, आरक्षी रामजी तिवारी आदि शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

**ललितपुर।** थाना सौजना अन्तर्गत ग्राम भदौरा में रहने वाले रामप्रसाद पुत्र हल्कुवा कुशवाहा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 9 नवम्बर की शाम करीब 7.30 बजे वह घर से खाद की दुकान पर जा रहा था। तभी रास्ते में प्राथमिक विद्यालय के 100 मीटर आगे किसी अज्ञात मोटर साइकिल ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गया। उसके गांव के लोगों ने परिजनों की मदद से टीकमगढ़ अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

थाना जखौरा अंतर्गत चौकी बांसी के ग्राम खिरकन निवासी तुलाराम पुत्र कल्ले पाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती देर रात करीब 8 बजे वह अपने घर के दरबाजे पर बैठा था। गांव के सरमन पुत्र सियाराम कुशवाहा, सुरेश पुत्र रमेश कुशवाहा आये और बिना कारण गालियां देते हुये विरोध करने पर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला लगा



**ललितपुर।** बुधवार को महरौनी अंतर्गत ग्राम भदौरा में दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें पशुचिकित्सकों द्वारा ग्राम के लोगों को विभिन्न योजनाओं ओर पशुओं के उपचार संबंधित उपाय बताए। पशुओं को निःशुल्क उपचार भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ पूजा ओर दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करके की गई। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान भदौरा, पशुचिकित्सा अधिकारी सौजना डॉ अंशुल निरंजन, पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ अमित पाराशर, पशुप्रसार अधिकारी डॉ विनोद कुमार तिवारी, पशुचिकित्सा सौजना के पैरावेट ओमप्रकाश राजपूत, किशोरी लाल, राजेशकुमार, सुनील कुमार, कोमल, चंद्रपाल, के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा जिन्होंने ग्राम के पशुओं को निःशुल्क उपचार किया कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामवासी भी मौजूद रहे।

### विश्वहिंदू महासंघ मातृशक्ति सम्मेलन

## हिंदुत्व में ही समाज और संस्कृति सुरक्षितः महंत

**ललितपुर।** विश्व हिन्दू महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक महंत मुकेश नाथ ने हिन्दुत्व को समाज का प्राण बताते हुए कहा कार्यकर्ता संगठन की नीव है और संगठन में ही शक्ति होती है। उन्होंने कहा समाज और संस्कृति को संस्कारित करने में मातृशक्ति का योगदान सदैव रहा है उन्होने कहा समाज संगठित रहेगी तभी समाज सुरक्षित रहेगा। नगर के गांधीनगर के मां शारदा मिलन पैलेस में आयोजित मातृशक्ति को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय संयोजक मुकेश नाथ महाराज ने कार्यकर्ताओं को संगठन की सीख दी। सम्मेलन में मातृशक्ति जिलाध्यक्ष रितू समाधिया, आशा कौशिक, प्रियंका राजपूत, अनीता मोदी,चेष्ठा श्रीवास्तव, कमलेश राठौर,मंजू तिवारी, हेमन्त गोस्वामी ने महंत जी का ललितपुर आगमन पर अभिनंदन कर आर्शीवाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगी दिलीपनाथ ने करते हुए कहा विश्वहिन्दू महासंघ ने हिन्दुत्त्व को संगठित करने में कार्य किया वह सदैव स्मरणीय रहेगा इस कार्य में गौरक्ष पीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ महाराज और उनके उनकी गुरूपरम्परा ने अकथनीय योगदान दिया।

सम्मेलन को प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जैन शिवाजी, धर्माचार्य प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश बाबा, मण्डल प्रभारी अनिल डोगरा, जिला प्रभारी अवधेश यादव, जिलाध्यक्ष रवि राठौर, जिला प्रभारी गौरक्षा मनमोहन पंथ, गौरक्षा जिलाध्यक्ष दुर्गसिंह ने सम्बोधित कर विश्वहिन्दू महासंघ की नीतियों से अवगत कराया और कहा संगठन में मातृशक्ति का सम्मान है समय समय पर हिन्दुत्व जागरण के लिये जो कार्यक्रम अद्वितीय रहे हैं। सम्मेलन में जगदीश पाराशर को जिला महामंत्री, राजाराम गोस्वामी को जिला उपाध्यक्ष एवं विनीत पस्तोर को नगर अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौपी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मंत्री अक्षय अलया द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक राठौर, अजयजैन साइकिल, संजीव सौरया, मण्डल मीडिया प्रभारी मनोज जैन पत्रकार, गौरक्षा महामंत्री डा० राधे सोनी, वीरेन्द्र सोनू मौजूद रहे। कार्यक्रम के पूर्व प्रातःकाल राष्ट्रीय संयोजक ने सर्वेश्वर धाम के दर्शन किए इसके उपरान्त जगदगुरु कृष्ण गिरि महाराज से मुलाकात कर विश्वहिन्दू महासंघ के अगामी कार्यकमो 'पर चर्चा की। गौरीधाम में महामण्डलेश्वर भावना गोस्वामी के संयोजन में आयोजित कार्यकम में राष्ट्रीय संयोजक ने हिस्सा लिया इसके उपरान्त सर्किट हाउस में नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष सोनाली जैन ने राष्ट्रीय संयोजक मुकेश नाथ महाराज से आशीर्वाद ग्रहण किया। विश्वहिन्दू महासंघ एवं सनातन सांस्कृतिक संघ द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष को इस मौके पर सम्मानित किया गया।

## कर्नाटका व मुंबई सीएसएमटी एक्सप्रेस में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कर्नाटका एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री का सोते समय पर्स चोरी हो गया। घटना की सूचना जीआरपी पुलिस ने दर्ज की है। उत्तर प्रदेश के जिला रामपुर अंतर्गत स्वार, ससोदिया निवासी शकील अहमद पुत्र जम्मा ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 11 अक्टूबर 2025 को वह ट्रेन संख्या 12628 कर्नाटका एक्सप्रेस के कोच नं. एस-6 के बर्थ नम्बर 49 पर दिल्ली से बैंगलुरू की यात्रा कर रहा था।

सुबह करीब 4 बजे जबब उसकी नींद खुली तो उसने सिर के पास रखा लेडीज पर्स गायब था। पर्स के अंदर रखा एक छोटा पर्स, जिसमें 3000 रुपये नकद, दो एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, गाड़ी की आर.सी., यात्रा टिकिट, एक मोबाइल इत्यादि चोरी हो गया। इस प्रकार कुल 70 हजार 500 रुपये का सामान किसी अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया। जीआरपी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत वार्ड नं. 39 मोतीनगर के खेमचंद्र अस्पताल के पास रहने वाले गौरव सोनी पुत्र गौरीशंकर ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह मथुरा से बीना के लिए ट्रेन संख्या 11058 मुम्बई सीएसएमटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहा था। उसका एक नीले रंग का बैग था, जिसमें एक सोने की चैन वजन 68.7 ग्राम, इस्तेमाली कपड़े, चन्दन, घी, पानी की बोतल इत्यादि था। बतायाकि एक सिंगल सीट के नीचे रखा हुआ था। आरोप है कि एक अज्ञात महिला ने ललितपुर रेलवे स्टेशन पर उसका बैग चोरी कर लिया। उसमें सोने की कारीगिरी करने वाली मम, भगवान मोहिनी बिहारी का चित्र इत्यादि चोरी कर लिया है। बताया कि महिला एक पुरुष, एक बालक व एक बालिका के साथ थी। पुलिस ने गौरव सोनी की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय रोजगार मेला आज

जनपद ललितपुर के समस्त युवक एवं युक्तियों/अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तालबेहट, जनपद-ललितपुर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 15 नवम्बर को किया जा रहा है। रोजगार मेले में 1-जेपीवीएमजीएमकेटी प्रालि में सुपरवाईजर, स्टोरकीपर, डाटा एन्ट्री पद हेतु 39 रिक्तियां 2-आर्केटिक इंडस्ट्रीज वाराणसी में एकाउन्टेंट कम्प्यूटर ऑपरेटर फुल ऑफिस एक्सक्यूटिव पद हेतु 175 रिक्तियां 3-इन्सटा ह्यूमन्स मैनेजमेंट प्रालि में क्वालिटी इंजीनियर व हेल्पर पद हेतु 300 रिक्तियां 4-एसआईएस प्रालि, नीमच मप्र में सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु 100 रिक्तियां 5-भारतीय जीवन बीमा निगम ललितपुर में सिटी कॅरियर एजेंट, रूलर कॅरियर एजेंट एवं महिला कॅरियर एजेंट पद हेतु 150 रिक्तियां 6-ईडीयू वेन्टेज प्रालि में टेज्नी ऑपरेटर पद हेतु 50 रिक्तियों पर भर्ती की जा रही है। साथ ही अन्य कम्पनियाँ भी प्रतिभाग कर सकती हैं। जिसमे शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, एवं आईटीआई में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की आवश्यकता है। रोजगार मेले में सम्मिलित होने व साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को अपना पंजीयन रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में कराना होगा। जिसमें जनपद के सभी युवक/युवतियाँ रोजगार के अवसर जानने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके साथ सभी को सूचित किया जाता है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेलों में कम्पनियों द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है, जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये/सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड नही की जाती है। डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे फोनकॉल को सत्य न मानें।

### यकायक थाना तालबेहट पहुंच कर एसपी ने किया निरीक्षण

# जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करे पुलिस : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने थाना तालबेहट का आकस्मिक निरीक्षण कर थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक किया गया तथा व्यवस्थित रख-रखाव करने को कहा। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु निर्देशित किया।

माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व हिस्ट्रीशीटर की



सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व मिशन शक्ति टीम को निरंतर थाना क्षेत्र स्कूल, कॉलेज, पार्को आदि जगहो पर भ्रमण करने हेतु आदेशित किया गया जिससे महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करें। प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट को साइबर अपराध जागरूकता अभियान चलाकर, आमजन को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक थाना तालबेहट को थाना क्षेत्र में प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि जगहों पर पेट्रोलिंग के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सर्दी के मौसम के दृष्टिगत, लूट, चोरी, छिनैती आदि प्रकार की घटनाओं के पूर्व अपराधियों का भौतिक सत्यापन कर उनके विरूद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। प्रभारी निरीक्षक तालबेहट को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट/शराब पीकर आदि वाहन चालकों की चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही के संबंध में दिशा-निर्देश दिये।

### पूरक पोषण आहार आंगनबाड़ी तक पहुंचाने में अनियमितता की शिकायत, सौंपा ज्ञापन

# स्कूलों में रोटी के नीचे थाली तलाश रहा प्रशासन उधर आंगनबाड़ी से गायब हुआ टीएचआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर विकासखंड के हल्लपुर स्कूल में कागज पर रखकर रोटी खाते बच्चों के वीडियो फोटो वायरल होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा दिखाई गई सख्ती के बाद सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों को चमचमाती थालियां, मीनू अनुसार सम्मानजनक रूप से भोजन परोसा जाए इसके लिए अफसरों की निगरानी आवश्यक कर दी गई। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश ओर सख्ती के बाद स्कूलों में तो रोटी के नीचे थाली लग गई लेकिन आंगनबाड़ियों में बच्चों का अल्प पोषण आहार (टीएचआर) तक गायब हो गया है। इसकी सुध नहीं लेने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लगातार ज्ञापन दे रही हैं।

पीएम पोषण शक्ति योजना के तहत जहां सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से आठवीं तक के बच्चों को दोपहर का भोजन परोसा जाता है वहीं आंगनबाड़ियों पर पका हुआ भोजन नाश्ता के अलावा टीएचआर (पूरक पोषण आहार, सूखा हुआ पौष्टिक नाश्ता) प्रदाय किया जाता है। कुपोषण के खात्मे के लिए इसकी महत्ता अधिक है, इसलिए इसके वितरण की मॉनिटरिंग सरकार दिल्ली से पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से करती है। यह टीएचआर आंगनबाड़ियों पर 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं, धात्री माता और किशोरी बालिकाओं को हर मंगलवार को प्रदाय किया जाता है। यह टीएचआर जिले की कई आंगनबाड़ियों पर विगत 1 साल से पर नहीं पहुंच रहा है जिससे महिलाएं आंगनबाड़ियों पर पहुंचकर शिकायत करती है कार्यकर्ता और महिलाओं के बीच आय दिन विवाद की स्थिति निर्मित होती रहती है लेकिन यह टीएचआर आंगनबाड़ियों तक क्यों नहीं पहुंच रहा है इस मामले में जिला प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन इस मामले में कई बार अपने जिला अधिकारी को अवगत करा चुकी हैं लेकिन समस्या का निदान नहीं होने पर शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिका यूनियन ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को ज्ञापन सौंपा।




#### यूनियन ने लगाए रुपए मांगने के आरोप

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आंगनबाड़ी केंद्र पर टीएचआर उन्हें जिला मुख्यालय के गोडाउन से खुद ले जाना पड़ता है। जिसका आटो किराया 500 से 1000 रुपए तक उन्हें देना पड़ता है और ग्रामीण परियोजना मे तो कार्यकर्ता से सुपर वाईजर बोल रही है पहले सभी कार्यकर्ता 150 रुपए दो तभी तुम्हारे केन्द्र तक टीएचआर पहुंचेगा नही तो तुम खुद उठाकर ले जाओ जबकि जबकि टीएचआर को आंगनबाड़ी तक पहुंचाने के ठेका किया जाता है, ठेका हो जाने के बावजूद कार्यकर्ता से टीएचआर परिवहन करवाया जा रहा है या परिवहन के नाम पर 150 रुपए मांगे जा रहे हैं। इसका विरोध करने पर कार्यकर्ताओं को झूठे नोटिस देकर वेतन काटा जा रहा है सेवा से पृथक करने की धमकी दी जा रही है।

#### केंद्र तक टीएचआर पहुंचाने का होता है परिवहन ठेका

आंगनबाड़ी केंद्र तक टीएचआर पहुंचाने के लिए दो तरह से परिवहन ठेका होता है जिला मुख्यालय पर टीएचआर आने के बाद उसे परियोजना स्तर पर स्टोर करने के लिए और वहां से आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग ठेके होते हैं हर साल भोपाल से सरकारी स्तर पर यह ठेके आयोजित कराए जाते हैं जिला स्तर पर भी इस ठेका को स्थानीय ट्रांसपोर्ट कंपनियों के माध्यम से कराया जाता है श्योपुर में भी इस तरह के ठेके होते रहे हैं अगर ठेका नहीं होता है तो टेंडर की राशि के आधार पर कार्यकर्ता उठाव करने पर दी जाती है। पर श्योपुर में कार्यकर्ताओं द्वारा टीएचआर उठाओ किया तो जा रहा है पर उनके खाते में राशि नहीं डाली जा रही है जिससे आंगनबाड़ी केंद्र पर टीएचआर ही समाप्त हो गया है और विभाग का इस और कोई ध्यान नहीं है।

#### इनका कहना है

सभी आंगनबाड़ी केंद्र तक टीएचआर पहुंचाने का काम किया जा रहा है सुपरवाइजर के माध्यम से नियमित रूप से निरीक्षण भी कराया जा रहा है। समय पर हितग्राहियों को वितरण हो रहा है अगर कोई कार्यकर्ता उठाव खुद करती है तो परिवहन राशि का पैसा उसके खाते में भी डाला जाता है। कार्यकर्ताओं की क्या समस्या है मैं देखता हूं उसे दूर कराया जाएगा।

**महेंद्र अंब**
**डीपीओ श्योपुर**

### तीन साल पुराने मामले में श्योपुर के विशेष न्यायालय ने सुनाया फैसला

# चाकू की नोंक पर लूट करने वाले बदमाश को 5 साल का कठिन कारावास, 12 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

चाकू अडाकर ट्रैक्टर में सवार लोगों से लूट करने वाले बदमाश को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने 5 साल के कठिन कारावास की सजा सुनाते हुए 12 हजार रूपए का अर्थदंड रोपित किया है। तीन साल पुराना यह मामला बडौदा थाना क्षेत्र का है।

खास बात यह है कि इस वारदात में दो बदमाश शामिल थे। न्यायालय ने एक बदमाश को तो सजा सुना दी है,लेकिन दूसरे बदमाश को फरार घोषित कर दिया है। जिसे पकडे जाने पर सजा सुनाई जाएगी। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने बताया कि ग्राम उतनवाड निवासी किसान जब 24 मई 2022 को इटावा मंडी में गेंहू बेचकर वापस गांव लौट रहे थे,तभी उनके ट्रैक्टर को कोथ गांव के पास रास्ते में गिर्राज गुर्जर निवासी उतनवाड तथा उसका भांजा बल्लू गुर्जर मिल गए,जिन्होने ट्रैक्टर रूकवाया और फिर ट्रैक्टर सवार लोगों के चाकू अडा दिया और ट्रैक्टर की सीट पर रखे थैले से 19 हजार 600 रूपए लूटकर भाग गए। इस मामले में बडौदा थाना पुलिस ने दोनो बदमाशों के खिलाफ लूट और डकैती की धाराओं में अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत चालान श्योपुर के विशेष न्यायालय में पेश किया। विचारण के दौरान विशेष न्यायालय ने लूट के आरोपी गिर्राज पुत्र रणजीत गुर्जर निवासी उतनवाड को दोषी मानते हुए 5 साल के कठिन कारावास की सजा सुना दी,साथही 12 हजार रूपए का अर्थदंड भी रोपित किया है।




#### दूसरा आरोपी फरार घोषित

विशेष न्यायालय ने इस मामले में दूसरे आरोपी को फरार घोषित कर दिया है। विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव ने बताया कि आरोपी बल्लू गुर्जर उर्फ बलराम गुर्जर घटना के बाद से अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है और तब से ही फरार बना हुआ है। इसलिए न्यायालय ने भी उसे फरार घोषित कर दिया है। अब उसकी गिरफ्तारी होगी,तब फिर से न्यायालय इस मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को सजा सुनाएगा।

### क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता

# आज मनेगा जनजातीय गौरव दिवस कराहल में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शनिवार 15 नवंबर को कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में जनजातीय गौरव दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन अवसर पर 15 नवंबर को दोपहर 12 बजे से कराहल स्थित शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर करेंगे। उक्त कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का लाइव प्रसारण होगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से वर्चुअली जुडेंगे।

सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्रता के संघर्ष में भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान और सांस्कृतिक विरासत में उनके द्वारा किये गये कार्यो को स्मरण करने के उद्देश्य से 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती को वर्ष 2021 से जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में वर्ष 2025 को भगवान बिरसा मुण्डा की 150वी जयंती के समापन अवसर पर 01 नवंबर से 15 नवंबर तक जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालय स्थित छात्रावासों एवं स्कूलों विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें है तथा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 15 नवंबर को आदिवासी विकासखण्ड मुख्यालय कराहल पर रखा गया है।




#### गौरव दिवस में शामिल होने जा रहे दल को दिखाई हरी झंडी

जबलपुर में आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस में शामिल होने जा रहे श्योपुर जिले के दल को आज कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कलेक्टर अर्पित वर्मा, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबीनेट मंत्री दर्जा तुरसनपाल बरैया, उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी द्वारा जनजातीय समुदाय के दल को हरी झंडी दिखाई गई। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण राकेश गुप्ता तथा दल के नोडल अधिकारी एवं बीईओ कराहल प्रदीप श्रीवास्तव उपस्थित थे।

#### साढे सात हजार आदिवासी परिवारों को मिलेगा अपना नया घर

जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर श्योपुर जिले के साढे सात हजार आदिवासी परिवारों को गृह प्रवेश कराया जायेगा। पीएम जनमन योजना के तहत लाभान्वित इन आदिवासी परिवारों को अपना नया घर मिलेगा। इस संबंध में ग्राम पंचायतों में गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजन के साथ हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराये जाने के निर्देश दिये गये है। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने बताया कि पीएम जनमन आवास योजना अंतर्गत पूर्ण हुए आवासों के हितग्राहियों को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर गृह प्रवेश कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत श्योपुर जिले में साढे सात हजार आदिवासी परिवार है, जिन्हें नवीन आवास में गृह प्रवेश कराया जायेगा। उन्होने बताया कि जनपद पंचायत श्योपुर अंतर्गत 1800, कराहल अंतर्गत 3300 एवं विजयपुर अंतर्गत 2400 आदिवासी हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जायेगा।

# शासन की मंशा योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिले:अर्पित

**भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने कलेक्टर के साथ शेयर किए फील्ड विजिट के अनुभव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी भारत सरकार मसूरी के 100वां फाउंडेशन कोर्स के लिए प्रशिक्षण हेतु श्योपुर जिले में आये भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण समापन अवसर पर कलेक्टर अर्पित वर्मा के साथ फील्ड विजिट का अनुभव शेयर किये गये तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शासन द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, इन योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को मिले, इसके लिए हमें प्रयासरत रहना चाहिए। ग्रामों में इफ्रांस्टेक्चर विकसित करने के लिए विभिन्न सामुदायिक योजनाएं संचालित है। इनका कार्य जन उपयोगी एवं गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा फील्ड विजिट के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उनकी पात्रता एवं हितग्राहियों को मिल रहे लाभ के संबंध में चर्चा करते हुए प्रस्तुतीकरण दिया गया।

इस दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, पीएम जनमन एवं धरती आबा अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम एवं सीएम किसान सम्मान निधि, लाडली बहना योजना, पोषण आहार अनुदान योजना, वन अधिकार अधिनियम, पैसा एक्ट आदि पर चर्चा कर फीडबैक दिया गया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा तीन समूहों में श्योपुर जिले के ग्राम धामिनी, फिलोजपुरा, ढेगदा ग्रामों के भ्रमण के साथ ही नगरपालिका श्योपुर आदि का सात दिवसीय फील्ड भ्रमण कर मैदानी प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा कलेक्टर अर्पित वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# रास विलास नहीं वैभव का प्रतीक:चैतन्य किशोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नटनागर भगवान कृष्ण का राधिका व गोपीकाओं के संग रास विलास नहीं प्रभुता के दिव्य वैभव का प्रमाण है। प्रत्येक गोपी के साथ श्याम सुंदर की उपस्थिति प्रभु की सर्वव्यापकता और सार्वभौमिकता का शाश्वत उदाहरण है। इसे लौकिक नहीं अलौकिक संदर्भ में प्रगाढ़ श्रद्धा के भाव से देखा जाना चाहिए। यह बात जय श्री पैलेस में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठे सत्र में शुक्रवार को पं. चैतन्य किशोर कटारे ने प्रवचन के दौरान कही।

गोपिका विरह पर केंद्रित प्रेम प्रधान उद्धव चरित्र व कंस वध की लीला से लेकर महारास के वर्णन तक की कथा अंततः कृष्ण रुकमणी विवाह के मांगलिक प्रसंग तक पहुंची। इस बीच कथा परिसर लघु वृंदावन बना प्रतीत हुआ। रास के वर्णन के बीच रसिक भक्त स्वय के गोपिका होने के आभास में निमग्न दिखाई दिए।ब्रजभाषा के सरस भजनों व प्रेरक दृष्टांतों से परिवेश अंत तक मोदपूर्ण बना रहा।

अस्थामय उल्लास को बढ़ाने का काम श्री कृष्ण रुक्मणि विवाह के प्रसंग ने किया। इस अवसर पर आयोजक गर्ग परिवार (ओछापुरा वाले) के सदस्यों सहित जयश्री पैलेस में कथा के साक्षी बन रहे भक्तों ने कन्यादान व पग पूजन के उपक्रम में भाग लिया तथा प्रतीक रूपों को भेंट उपहार दिए।

### बिहार जीत पर भाजपा ने आतिशबाजी चलाकर मनाई खुशी

# बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता के विश्वास की जीत:विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना के साथ जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दिन प्रतिदिन विश्व शक्ति बनने की और अग्रसर हो रहा है उस पर विश्वास जताते हुए बिहार की जनता ने भाजपा को जनादेश दिया है। इस जीत ने जनता की प्रधानमंत्री मोदी के प्रति अटूट विश्वास का प्रमाण किया है। यह बात पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय ने शुक्रवार को शहर के जय स्तंभ पर बिहार में विधानसभा चुनाव में शानदार जीत के अवसर पर मनाई गई खुशी के दौरान कही। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी चला करवा मिठाई बांटकर खुशी जताई।

शुक्रवार की शाम को 6:00 बजे के करीब जय स्तंभ पर पहुंचे भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद बिहार की जनता जिंदाबाद के नारे लगाए और आतिशबाजी चलाकर खुशी मनाई। इस दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं ने जनता को मिठाई खिलाकर व तिलक निकाल कर बिहार जीत की शुभकामनाएं दी इस दौरान भाजपा नेताओं ने मीडिया से बात करते हुए इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति को बताते हुए कहा कि देश इस समय खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशक्त और सुरक्षित हाथों में महसूस कर रहा है। जनता का विश्वास भाजपा के प्रति लगातार बढ़ता जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




#### अंता में भाया की जीत पर समर्थकों ने फोड़े पटाखे

श्योपुर। सीमावर्ती राजस्थान की विधानसभा सीट अंता में हुए उपचुनाव में कांग्रेस दल के प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया की जीत पर उनके समर्थकों ने पटाखे चलाकर खुशी मनाई। हालांकि इस दौरान कांग्रेस दल की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई लेकिन शहर में बड़ी संख्या में मौजूद भाया के समर्थकों ने खुशी जरूर मनाई। श्योपुर की सीमावर्ती विधानसभा होने के कारण अंता विधानसभा में श्योपुर का लगाव अधिक है और धार्मिक सामाजिक आयोजनों के माध्यम से बड़ी संख्या में कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया से जुड़े हुए हैं उनका यही जुड़ाव शुक्रवार को तब देखने को मिला जब 20 राउंड की गिनती के बाद उनकी जीत की सूचना टीवी पर प्रसारित हुई बाजार में जगह-जगह उनके समर्थकों ने पटाखे फोड़ कर ओर मिठाई बांटकर खुशी मनाई। उधर कांग्रेस दल में उनकी पार्टी की जीत पर भी सन्नाटा पसरा रहना आश्चर्यजनक जरूर रहा।



### तीन दिन चले चेकिंग अभियान की एसपी ने की समीक्षा, 389 चालान बने

# अव्वल रही यातायात पुलिस,बनाए सबसे ज्यादा चालान, रघुनाथपुर और मगरदा थाना फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तीन दिनों तक पुलिस के द्वारा जो चालानी कार्रवाई की गई,उसमें यातायात थाना पुलिस अव्वल स्थान पर रही है। क्योंकि इस कार्रवाई के दौरान सबसे अधिक चालान यातायात थाना पुलिस के द्वारा ही बनाए गए है। जबकि रघुनाथपुर और मगरदा थाना इस कार्रवाई में फिसड्डी रहे है। पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने इस अभियान की समीक्षा करते हुए अच्छे कार्रवाई करने वाले थानो के प्रभारियों को शाबासी दी है। वहीं कार्रवाई में फिसड्डी रहे थानों के प्रभारियों को आगे कार्रवाई बेहतर करने की चेतावनी दी गई है।

सडक पर चलने वाले वाहन चालक यातायात नियमां का पालन करें ताकि सडक दुर्घटनाओं का ग्राफ नीचे आए,इसके लिए पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों को तीन दिन तक अपने अपने क्षेत्र में वाहन चेकिंग की कार्रवाई करते हुए यातायात नियम तोडने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एसपी के निर्देश पर यह विशेष चेकिंग अभियान जिले के सभी थाना क्षेत्रो में 9 से 11 नवंबर तक चलाया गया। इस अभियान के दौरान सभी थानों की पुलिस ने अपने अपने क्षेत्र में चेकिंग प्वाइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग की गई। बताया गया है कि इस अभियान के दौरान पूरे जिले में कुल 389 चालान बनाते हुए 166200 रूपए की राशि बतौर जुर्माना वसूली गई है। इस दौरान यातायात थाना पुलिस की कार्रवाई सभी थानों से बेहतर रही है।



#### यातायात पहले नंबर पर,देहात दूसरे तो बडौदा तीसरे नंबर पर

पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के द्वारा इस तीन दिवसीय विशेष चैकिंग अभियान की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सामने आया कि इस अभियान के दौरान पूरे जिले में 389 कुल चालान बनाए गए है। जिसमें सबसे अधिक 59 चालान यातायात थाना पुलिस ने बनाते हुए 28 हजार 300 रूपए का जुर्माना वसूला है। इसलिए यातायात थाना इस कार्रवाई में पूरे जिले में पहले नंबर पर रहा है। जबकि 36 चालान बनाकर 10 हजार रूपए का जुर्माना वसूलने वाली देहात थाना पुलिस दूसरे नंबर पर रही है। संयुक्त रूप से तीसरे नंबर पर बडौदा और गसवानी थाना पुलिस रही है। क्योंकि इन दोनों थानों की पुलिस के द्वारा 35-35 चालान बनाए गए है। मगर जुर्माना बडौदा थाना पुलिस के द्वारा 14 हजार 100 रूपए और गसवानी थाना पुलिस के द्वारा 11 हजार 700 रूपए का वसूला गया है। जबकि इस कार्रवाई में मगरदा,रघुनाथपुर, चिलवानी थाना पुलिस रही है,क्योंकि इनके द्वारा सिर्फ 3 से लेकर 6 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

#### इनका कहना है

चेकिंग अभियान की समीक्षा कर ली गई है। समीक्षा के दौरान जिन थानों की कार्रवाई कमजोर रही है,उन थानो के प्रभारियों को सुधार किए जाने के निर्देश दिए गए है।

**सुधीर कुमार अग्रवाल**
**एसपी,श्योपुर**

#### तीन दिन चले अभियान के दौरान पुलिस की चालानी कार्रवाई

| थाना | चालान | जुर्माना |
|---|---|---|
| यातायात | 59 | 28300 |
| देहात | 36 | 10000 |
| बडौदा | 35 | 14100 |
| गसवानी | 35 | 11700 |
| मानपुर | 33 | 14900 |
| सेसईपुरा | 29 | 13700 |
| कोतवाली | 25 | 9800 |
| विजयपुर | 22 | 9600 |
| कराहल | 21 | 9300 |
| ओछापुरा | 21 | 8700 |
| वीरपुर | 16 | 7600 |
| आवदा | 13 | 5500 |
| अगरा | 13 | 4700 |
| बरगवां | 09 | 3300 |
| ढोढर | 09 | 3100 |
| चिलवानी | 06 | 2800 |
| रघुनाथपुर | 04 | 1600 |
| मगरदा | 03 | 1500 |
| कुल | 389 | 166200 |

## खबर संक्षेप



### सांदीपनि विद्यालय में मनाया गया गौरव दिवस और बाल दिवस

**पिछोर।** सांदीपनि शास. उ.मा. विद्यालय गणेशखेड़ा में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। विद्यालय में नाटक, रंगोली, चित्रकला, खेलकूद जैसे विभिन्न कार्यक्रम पखवाड़े भर से संचालित किए जा रहे थे, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। गौरव दिवस के अवसर पर विद्यालय से रैली निकाली गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बिरसा मुंडा के आदर्शों, जनजातीय गौरव और सामाजिक संदेशों से जुड़े नारों के माध्यम से जनजागरूकता फैलाई। साथ ही पं. जवाहरलाल नेहरू की जयंती को बाल दिवस के रूप में मनाते हुए विद्यालय परिसर में बाल मेला लगाया गया। बच्चों द्वारा लगाए गए स्टॉल, मॉडेल्स, क्रिएटिव आइटम और खेल मेले का मुख्य आकर्षण बने। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिका को बरामद किया

**करैरा।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत दिनांक 27 अक्टूबर 25 को फरियादी ग्राम सीहोर में अपनी नाबालिक लड़की के बिना बताए चले जाने की रिपोर्ट की थी। जिसपर से थाना सीहोर पर प्रकरण कायम कर 14.11.2025 को अपहता को दीगर राज्य (हरियाणा) से दस्तयाव कर आरोपी राहुल त्रिपाठी पुत्र नवलकिशोर त्रिपाठी उम्र 20 साल निवासी ग्राम सीहोर जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर न्यायालय करैरा में पेश किया।

### फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**पिछोर।** पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में 14 नंवबर 25 को अपराध क्र 370/25 धारा 296,125,351 (3) बीएनएस मे घटना दिनांक से फरार आरोपी अमित पुत्र राकेश लोधी निवासी चनखारी को 315 बोर की अधिया हाथ की बनी एक जिन्दा राउंड को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### फरार आरोपी रोहित परिहार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया

**पिछोर।** भौती थाना में शिवपुरी पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले के मार्गदर्शन और एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में थाना भौंती पुलिस द्वारा ब्लैकमेल करने रुपए ऐठने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को फरियादी राजेश परिहार पुत्र नंदलाल परिहार उम्र 24 साल निवासी नई बस्ती भौंती शिवपुरी ने थाना आकर घटना दिनांक 25.09.25 को आरोपी सोलिट उर्फ रोहित परिहार, सुल्तान खान, विवेक विश्वकर्मा, मुस्कान परिहार द्वारा बलात्कार के झूठा केस में फंसाने की धमकी देकर ब्लेकमेल कर 3 लाख 50 हजार ऐठने की रिपोर्ट की। फरियादी की रिपोर्ट पर से आरोपियों के विरूद्ध प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में भौंती थाना प्रभारी मनोज राजपूत व पुलिस फोर्स द्वारा टीम गटित कर आरोपीगणो की तलाश शुरू कर दी। दिनांक 12 नवंबर को आरोपी रोहित परिहार पुत्र जगदीश परिहार उम्र 22 साल निवासी आजाद मोहल्ला भौती थाना भौंती जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

---

### आठ बीघा जमीन को लेकर दो सगे भाईयों में हुआ था खूनी संघर्ष, पुलिस जांच में जुटी

# जमीनी विवाद को लेकर करैया बनेट गांव में पसरा मातम, पिता और भांजे की मौत के बाद भाई की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के कचनार थाने के अंतर्गत करैया बनेट गांव में 8 बीघा जमीन को लेकर हुए खूनी संघर्ष में अब तक 3 लोगों को मौत हो चुकी है। मृतकों में एक दिन पहले पिता और भांजे की मौत हो चुकी थी और अब छोटे बेटे की मौत हो चुकी है। छोटे बेटे को गंभीर रूप से घायल होने के बाद उपचार के लिए भोपाल ले जाया गया था भोपाल पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया। बेटे का पोस्टमार्टम भोपाल में और शेष 2 मृतकों के पोस्टमार्टम अशोकनगर में किए गए। इस खूनी संघर्ष की दास्तां उस जमीन से जुडी है इस जमीन को लेकर दोनों बेटों राजमहेन्द्र और कृष्णभान यादव के बीच जमीन पर बोवनी को लेकर खूनी संघर्ष हुआ था। दोनो भाई इस जमीन को लेकर आपस में इतने उलझे कि यह विवाद खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया। सगे रिश्तों में भी जमीन में दरार डाल दी, दोनों पक्षों ने आव देखा न ताव एक दूसरे पर घातक हथियारों से हमला किया, तलवार, लाठी, फरसा, लुहांगी, के हमले से दोनों पक्ष एक दूसरे की जान लेने पर अमादा हो गए। इस घटना में दो की मौके पर ही मौत हो गई जिनमें पिता खिलन सिंह उम्र 75 वर्ष निवासी करैया बनेट और भांजा पवन यादव निवासी महुआखेड़ा उम्र 25 वर्ष शामिल हैं। इस घटना में छोटा बेटा कृष्णभान सिंह यादव गंभीर रूप से घायल हो गया था जिन्हें डॉक्टरों ने भोपाल रैफर किया था लेकिन कृष्णभान यादव की भी मौत हो गई।

#### पिता और भांजे का अशोकनगर में पोस्टमार्टम, बेटे का भोपाल में हुआ पीएम

इस घटना में वुधवार को पिता खिलन सिंह और भांजा पवन यादव की मौत हो गई थी उन दोनों का पोस्टमार्टम अशोकनगर में किया गया जहां बडी संख्या में पुलिस और प्रशासन का अमला मौजूद रहा। पवन का अंतिम संस्कार महुआखेड़ा गांव में किया गया और खिलन सिंह का दाह संस्कार करैया बनेट में किया गया। जिला अस्पताल में घायल बड़े बेटे राजमहेन्द्र को पुलिस अंतिम संस्कार के लिए करैया बनेट गांव लेकर पहुंची। इस दौरान नायब तहसीलदार शंभू सिंह मीणा, और प्रशासन का अमला मौजूद था।





#### एक भाई फसल बो चुका था दूसरा भाई ट्रेक्टर लेकर पहुंचा, यहीं से हुई खूनी संघर्ष की शुरूआत

जिस 8 बीघा जमीन की यहां बात हो रही है वह खिलन सिंह यादव की थी खिलन सिंह अपने बडे पुत्र राजमहेन्द्र के साथ रहते थे। राजमहेन्द्र ने उक्त 8 बीघा जमीन में कुछ दिन पहले ही सरसो की फसल बोई थी। जिसके बाद राजमहेन्द्र का छोटा भाई कृष्णभान भी बोबनी करने के लिए खेत पर आ गया और उसने अपने भांजे पवन यादव को महुआखेड़ा से बुला लिया। पवन यादव ट्रेक्टर लेकर करैया बनेट पहुंच गया और पहले से बोई गई फसल पर ट्रेक्टर से पंजा चलाने लगा यहीं से विवाद की कहानी शुरू हुई और कहा सुनी व रोका टोकी के बाद दोनों भाईयों की तरफ से एक दूसरे पर घातक हथियारों से हमला किया गया। होनी को यही मंजूर था जिस खिलन सिंह की जमीन थी वह खिलन सिंह भी हथियारों के हमले में अपनी जान गवां बैठे। उधर दूसरी ओर कृष्णभान सिंह जो जमीन जोतने पहुंचा था वह भी और उसका भांजा पवन यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बचाने के लिए जो दोनो भाईयों की ओर से आए उन्हें भी हथियारों के हमले से घायल होना पड़ा। जिला अस्पताल में घायल लहु लुहान स्थिति में एक दिन पहले देखे गए थे।



#### दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर से मामले दर्ज

जमीनी विवाद पर हुए इस संघर्ष के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर से एक दूसरे के विरूद्ध मामले दर्ज किए हैं। कृष्णभान यादव के पक्ष की ओर से उनकी पुत्री राधिका की रिपोर्ट पर से राजमहेन्द्र, धर्मवीर,राजवीर और खिलन यादव के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। दूसरे पक्ष की ओर से राजमहेन्द्र ने उक्त घटना को लेकर छुटटा, कल्ला, कृष्णभान और पवन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दोनों पक्षों की ओर से हत्या का मामला दर्ज किया गया है। एक पक्ष के खिलन यादव की मौत हो चुकी है जबकि दूसरे पक्ष की ओर से कृष्णभान और पवन यादव की मौत हो चुकी है।

#### घटना से पूरा परिवार नष्ट

जिस जमीन को लेकर झगड़ा हुआ था आज वह जमीन सूनी पड़ी है इस जमीन मालिक खिलन सिंह ही नहीं बचा है उसका एक पुत्र जमीन को लेकर मौत के आगोश में समा गया है। दूसरे पुत्र पर हत्या का मामला दर्ज हो गया है। उन्होने अपना भांजा भी खो दिया है। यह घटना उन तमाम लोगों के लिए एक सीख देने वाली है जो जमीन के लिए हर रोज झगड़ते हैं। तहसील से लेकर कलेक्टर और एसपी तक हर रोज आवेदन अगर सबसे अधिक आते हैं तो वह जमीन के होते हैं। आवेदक जमीन को लेकर रोते विलखते हुए देखे जाते हैं। यहीं आजाद भारत की कहानी है कि आज भी जमीन के मालिक अपनी जमीन की रखवाली नहीं कर पा रहे हैं।

---

## बाइक रैली के साथ न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवपुरी राजेन्द्र प्रसाद सोनी के मार्गदर्शन में एवं प्रथम जिला न्यायाधीश सह अध्यक्ष त.वि.से.स. करैरा दिनेश कुमार खटीक के निर्देशन में कर्मचारीगण, पुलिस स्टाफ, अभिभाषकगण एवं पैरालीगल वालेंटियर्स ने सम्मिलित रूप से बाइक रैली का आयोजन कर उक्त रैली के माध्यम से न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह के संदेश को आमजन तक पहुंचाया। बाइक रैली न्यायालय परिसर करैरा से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्गो से होते हुए न्यायालय परिसर पर समाप्त की गई।

प्रथम जिला न्यायाधीश दिनेश कुमार खटीक द्वारा बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त रैली के आयोजन पर पुलिस स्टाफ, कर्मचारीगण, अभिभाषकगण एवं पीएलव्ही ने एकजुट होकर न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह महोत्सव के अंतर्गत विधिक सेवा दिवस की सार्थकता को नगर के कोने-कोने तक पहुंचाने का प्रयास किया। इस अवसर पर न्यायाधीशगण मोनिका आध्या जिला न्यायाधीश, आकांक्षा यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, भूपेन्द्र यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, भूपेन्द्र सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, काजल रेनीवाल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, रज्नेश पाल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सहित पवन राजपूत नायब नाजिर, रोहित शर्मा, पुलिस स्टाफ सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोनी कॉलोनी निवासी कमरजीत सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवराज, कृपान, संजीव और शीलकुमार यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुरादपुर निवासी भावना रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उसके पति नीतेश रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मैघौना बड़ा थाना इन्दार जिला शिवपुरी निवासी अंकेश यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संजय यादव, श्याम यादव ईसागढ में गोविंदधाम कॉलोनी के प्लाट पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से संजय यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अंकेश यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## बालदिवस पर नन्हे उद्यमियों की धूम, लगाईं रंग-बिरंगी दुकानें, अतिथि बने खरीददार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर



बालदिवस के अवसर पर नगर के अशासकीय विद्यालय संस्कार पब्लिक स्कूल में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल परिसर में रंग-बिरंगी दुकानों का मिनी हाट-बाज़ार सजा, जहां नन्हे छात्रों ने खुद दुकानदार बनकर अपने-अपने स्टॉल लगाए। किसी ने समोसे, पानी पूरी, इडली, जलेबी, कचोरी जैसे स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए, तो किसी ने अन्य फूड आइटमों से अपनी दुकान आकर्षक बनाई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिम्मतपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक संजय लोधी बच्चों की दुकानों पर खरीददार बनकर पहुंचे और छात्रों का उत्साह बढ़ाया। साथ ही उपस्थित विशिष्ट अतिथियों ने भी बच्चों से खरीददारी कर उन्हें प्रोत्साहित किया। मेले से पहले मंचीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसका सरस्वती पूजन के साथ शुभारम्भ किया जहाँ अतिथियों द्वारा बालदिवस पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को बालदिवस कर महत्व बताया। कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य विजयराम लोधी, डॉ. नरेंद्र नरवरिया, ओबीसी प्रतिनिधि मुकेश लोधी, दीपेश शर्मा, राजेश लोधी,संचालक उमेश लोधी, प्राचार्या प्रीति लोधी, शिक्षक स्वेता सिंह गौर, सौरभ शर्मा, राजवर्धन बुंदेला, जोया खान, सपना लोधी, वर्षा लोधी, सौम्या शर्मा, चायना ठाकुर, मोहर सिंह गौर, शम्भुदयाल लोधी, पूनम यादव, सना खान, रीना लोधी, हेमलता लोधी, सहरीन खान, विद्यालय के बच्चे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

बच्चों ने उत्साह के साथ ग्राहकों को अपने आइटम दिखाए और बिक्री भी की। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में व्यापारिक समझ, संवाद कौशल, आत्मविश्वास और टीमवर्क जैसी क्षमताओं का विकास करना रहा। अतिथियों ने स्कूल प्रबंधन की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में व्यवहारिक शिक्षा को बढ़ावा देते हैं और उन्हें नई सीख प्रदान करते हैं। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों में उत्साह व खुशियों का माहौल देखने को मिला।

---

### तुलसी सरोवर में लगेगी 108 फुट की अष्टधातु की हनुमान जी की प्रतिमा

# सिटी प्लान और विकास कार्यों को लेकर सिंधिया की अध्यक्षता में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की अध्यक्षता में गुरुवार को अशोकनगर सिटी प्लान के अंतर्गत संचालित प्रमुख विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लगभग 66.45 करोड़ 6645.85 लाख लागत वाली विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। बैठक में अशोकनगर जिलाधिकारी, स्थानीय विधायक, नगरपालिका अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं का क्रियान्वयन उच्च गुणवत्ता और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि अशोकनगर का विकास केवल भौतिक संरचना तक सीमित न रहे, बल्कि यह शहर संस्कृति, पर्यावरण और नागरिक सुविधाओं के संतुलन का उत्कृष्ट उदाहरण बने। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी-अपनी परियोजनाओं की स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा प्राथमिकता वाले कार्यों पर अपने सुझाव साझा किए। यह भी निर्णय लिया गया कि सभी सौंदर्यीकरण परियोजनाओं में स्थानीय चंदेरी पत्थर का उपयोग किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की समृद्ध विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन सुनिश्चित हो सके।





#### शहर के सौंदर्य और संरचना में बड़ा बदलाव की हैं मुख्य परियोजनाएं

केन्द्रीय मंत्री ने बैठक में अशोकनगर के सुनियोजित विकास के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी। बैठक में ग्राम मोहरीराय में ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना को स्वीकृति दी गई, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 16 करोड़ होगी। यह ट्रांसपोर्ट नगर नवीन मण्डी और स्वीकृत बाईपास रोड के पास बनाया जाएगा, जिसमें लगभग 6,21,303 वर्गफुट भूमि का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही सिंधिया ने 4.1 किलोमीटर लंबी थीम रोड परियोजना पर भी चर्चा की, जिसकी लागत 30 करोड़ है। इस सड़क को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिसमें 3 वॉल आर्ट म्यूरल्स, सजावटी स्ट्रीट लाइटिंग, लैंडस्केपिंग, पार्किंग स्थल और ईवी चार्जिंग पॉइंट्स शामिल होंगे। वॉल डिज़ाइन में सरदार वल्लभ भाई पटेल, महाराज श्रीमंत महादजी सिंधिया, सम्राट अशोक, छत्रपति शिवाजी महाराज, जैसे महान हस्तियों को शामिल किया जाएगा।

#### सीमाओं पर चार थीम गेट्स करेंगे पर्यटकों का स्वागत

सिंधिया ने बताया कि शहर की प्रवेश पॉइंट्स पर चार थीम द्वार भी बनाए जाएंगे, जो अशोकनगर की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को प्रदर्शित करेंगे। इन गेट्स का निर्माण लगभग 6.5 करोड़ की लागत से किया जाएगा। गुना रोड पर राजराजेश्वर मंदिर थीम गेट, ईसागढ़ रोड पर माता बीजासन कदवाया थीम गेट, विदिशा रोड पर मां जानकी करीला धाम थीम गेट और चंदेरी रोड पर थीम गेट स्थापित किए जाएंगे। बैठक में सुझाव दिए गए थीम रोड बनाने के लिए साबरमती और ग्वालियर थीम गेट का उदाहरण लिया जा सकता है।

#### तुलसी सरोवर के सौंदर्यीकरण पर हुई गहन चर्चा

बैठक में तुलसी सरोवर सौंदर्यीकरण परियोजना पर भी चर्चा हुई, जिसकी अनुमानित लागत 5.98 करोड़ है। इस योजना के तहत बोट क्लब, पार्क निर्माण, लाइटिंग, हॉर्टीकल्चर और पार्किंग जैसी सुविधाएँ विकसित की जाएँगी। तुलसी सरोवर के सौंदर्यीकरण से शहर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और यह स्थानीय लोगों के लिए एक आकर्षक मनोरंजन स्थल बनेगा। इसी परिसर में हनुमान जी की 108 फीट ऊँची अष्टधातु प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी, जिसकी लागत 5 करोड़ है और इसका निर्माण जनभागीदारी मॉडल पर किया जाएगा। प्रतिमा का आधार 'अष्ट सिद्धि' की अवधारणा पर आधारित होगा, जो श्रद्धा और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बनेगा।

#### अन्य शहरी विकास और सुरक्षा कार्य को दी गई प्राथमिकता

स्थानीय सांसद सिंधिया ने बैठक में यातायात सुधार और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दी। 88.32 लाख की लागत से शहर के प्रमुख मार्गों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टराइज्ड साइन्स, रोड मार्किंग, रोड मार्कर्स और रंबल स्ट्रिप्स लगाई जाएँगी। नागरिक सुविधा हेतु गोपालगंज में स्ट्रीट वेंडर्स के लिए चैपाटी बनाई गई है, जबकि पुराने बाजार क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग और ऑटो स्टैंड पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन की योजना पर कार्य जारी है। जलभराव रोकने के लिए नालों से अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए हैं और स्थायी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं। यह कार्य बस स्टेण्ड कर्बला रोड, अंबेडकर भवन मगरदा चैराहा और एचडीएफसी चैराहा तारासदन स्कूल मार्ग पर किया जा रहा है।